पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने भातखण्डे जयन्ती संगीत समारोह का उद्घाटन किया

लखनऊः 07 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज भातखण्डे जयन्ती संगीत समारोह 2015 के अवसर पर संत गाडगे प्रेक्षागृह में विष्णु नारायण भातखण्डे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके पावन स्मृति में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

संगीत समारोह का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का रिश्ता भातखण्डे जी के कारण और नजदीक का हो गया है। श्री विष्णु नारायण भातखण्डे जी ने उत्तर प्रदेश में आकर संगीत की नींव डाली। जैसे उत्तर प्रदेश के लोगों ने महाराष्ट्र के विकास में सहयोग दिया, ठीक उसी प्रकार मराठी भाषी लोगों ने भी उत्तर प्रदेश में अनेक क्षेत्रों में अपना योगदान दिया। राज्यपाल ने भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल ने पं0 राजेन्द्र प्रसन्ना का शहनाई वादन व कजरी का भी आनन्द लिया। समारोह में नृत्य भी प्रस्तुत किया गया।

इसके पश्चात् राज्यपाल ने राजभवन परिसर में स्थित मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए तथा पूजा अर्चना की।

भातखण्डे संगीत संस्थान समविश्वविद्यालय, लखनऊ
भातखण्डे जयंती संगीत समारोह-2015

EXIT

श्री कृष्ण जी की आरती